पानीपत, बुधवार, 15 मई, 2024

जागरण सिटी

दैनिक जागरण

जींद



विद्यार्थी अपने गोल पर रखें नजर VI

www.jagran.com

वीसीडा. रणपाल सिंह कर्नल कमांडेंट से अलंकृत VII



# डा . रणपाल सिंह कर्नल कमांडेंट से हुए अलंकृत

जागरण संवाददाता ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी डा. रणपाल सिंह को कर्नल कमांडेंट की उपाधि मिलने के उपलक्ष्य में मंगलवार को कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सेना मेडल विभूषित मेजर जनरल मनजीत सिंह मोखा, विशिष्ट अतिथि हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एसके गक्खड़, विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर विकास राय, विशिष्ट अतिथि सुनीता सिंह ने वीसी डा. रणपाल सिंह के कंधों को चमकते हुए सितारों और राष्ट्रीय प्रतीक से सुसज्जित कर उन्हें इस उपाधि से अलंकृत किया। देशभर से 19 वीसी को ये सम्मान मिला है। वीसी कर्नल डा. रणपाल सिंह ने




वीसी डा. रणपाल सिंह को कर्नल की उपाधि देते मेजर जनरल मनजीत सिंह मोखा। ● विवि

कहा कि यह सम्मान केवल उनका सम्मान नहीं, अपितु चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का सम्मान है। मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा ने कहा कि आर्म्ड फोर्सेस में कर्नल आफ द रेजिमेंट का सम्मान बहुत उल्लेखनीय या बहुत वरिष्ठ अफसरों को मिलता है। डा. रणपाल सिंह को इस रैंक के साथ चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय एनसीसी विंग का कर्नल कमांडेंट घोषित करते हुए उन्हें खुशी हो रही है। बलिदानी कैप्टन पवन खटकड़ के माता-पिता और बलिदानी कैप्टन सतबीर सिंह मलिक के माता-पिता व उनके भाई संदीप को मुख्यातिथि, कर्नल डा. रणपाल सिंह ने सभी विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन, डा. मयंक, निहारिका, कर्नल आरके गोयत, कर्नल जेएस ढोडी, बलिदानी कैप्टन पवन खटकड़ के माता-पिता, बलिदानी कैप्टन सतबीर मलिक के माता-पिता व उनके भाई संदीप मलिक, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी, प्रो. सुनील ढुल, डा. पूनम मोर, डा. रमेश ढांडा, डा. संदीप कंधवाल, डा. रामनिवास, डा. अशोक चौधरी, अनिल लाठर, महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

अमर उजाला

Date: 15.05.2024

सम्मान

देश के 19 कुलपतियों में शामिल हैं सीआरएसयू के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह

# कुलपति को कर्नल कमांडेंट की उपाधि

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। भारत सरकार ने चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह को कर्नल की मानद उपाधि से नवाजा है। देशभर से चयनित 19 कुलपतियों के प्रतिष्ठित मंडल में से डॉ. रणपाल सिंह एक हैं, जिन्हें इस रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है।

डॉ. रणपाल सिंह कैडेट कोर के कर्नल कमांडेंट कुलपति हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेना मेडल विभूषित मेजर जनरल मनजीत सिंह मोखा, विशिष्ट अतिथि हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा काउंसिल के उपाध्यक्ष प्रो. एसके गक्खड़, ब्रिगेडियर विकास राय, सुनीता सिंह ने राष्ट्रीय प्रतीक से सुसज्जित कर उन्हें इस उपाधि से अलंकृत किया।

मुख्य अतिथि ने शहीद कैप्टन पवन के शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात मेजर जनरल मनजीत मोखा ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। मंच संचालन डॉ. अपूर्वा रेढू और एनसीसी कैडेट आस्था ने किया। कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि आज इस उपाधि और वर्दी को धारण कर अति प्रसन्न हैं, लेकिन यह सम्मान केवल उनका नहीं, अपितु सीआरएसयू का है।




सीआरएसयू कुलपति डॉ. रणपाल सिंह को कर्नल की मानद उपाधि से नवाजते हुए। स्रोत: संस्थान

उन्होंने राष्ट्रपति, भारतीय रक्षा मंत्रालय तथा महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर का धन्यवाद किया। मुख्यातिथि मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा ने कहा कि आर्म्ड फोर्स में कर्नल ऑफ द रेजिमेंट का सम्मान बहुत उल्लेखनीय या बहुत सीनियर अफसरों को मिलता है। डॉ. रणपाल सिंह को इस रैंक के साथ चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय एनसीसी विंग का कर्नल कमांडेंट घोषित करते हुए उन्हें खुशी हो रही है, क्योंकि उनके कार्य सदैव सराहनीय घोषित हुए है।

इस दौरान कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन, डॉ. मयंक, निहारिका, कर्नल आरके गोयत, कर्नल जेएस ढोडी, शहीद कैप्टन पवन खटकड़ के माता-पिता, शहीद कैप्टन सतबीर मलिक के माता-पिता और उनके भाई संदीप मलिक, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, डॉ. संदीप कंधवाल, डॉ. रामनिवास मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 15.05.2024

# कुलपति डॉ. रणपाल सिंह कर्नल कमांडेंट से अलंकृत




जींद| भारत सरकार द्वारा सीआरएसयू के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह को कर्नल की मानद उपाधि प्रदान कर उनकी कर्तव्य परायणता को सम्मानित किया है। देशभर से चयनित 19 कुलपतियों के प्रतिष्ठित मण्डल में से डॉ. रणपाल सिंह एक हैं, जिन्हें इस रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है। डॉ. रणपाल सिंह कैडेट कोर के 'कर्नल कमांडेंट' कुलपति हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल मनजीत सिंह मोखा, प्रोफेसर एसके गक्खड़, ब्रिगेडियर विकास राय, विशिष्ट अतिथि सुनीता सिंह ने उन्हें इस उपाधि से अलंकृत किया। कुलपति ने कहा कि आज इस उपाधि और वर्दी को धारण कर अति प्रसन्न हैं, लेकिन यह सम्मान केवल उनका सम्मान नहीं, अपितु सीआरएसयू का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय कैडेट कोर ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है जिसे वह पूर्ण निष्ठा से निभाएंगे। राष्ट्र और विश्वविद्यालय के साथ एनसीसी के मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

अर्थ प्रकाश

**Date: 15.05.2024**

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह कर्नल कमांडेन्ट से अलंकृत

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 14 मई।** देशभर से चयनित 19 कुलपतियों के प्रतिष्ठित मण्डल में से डॉ. रणपाल सिंह एक हैं, जिन्हें इस रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है। डॉ. रणपाल सिंह कैडेट कोर के 'कर्नल कमांडेंट' कुलपति के साथ साथ हरियाणा के भी एकमात्र कुलपति है जिन्हे ये सम्मान प्राप्त हुआ है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सभा के प्रेरणा स्त्रोत, सेना मेडल विभूषित मेजर जनरल मनजीत सिंह मोखा, विशिष्ट अतिथि हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा कॉन्सिल के उपाध्यक्ष, प्रोफेसर एसके गक्खड़, विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर विकास राय, विशिष्ट अतिथि श्रीमति सुनीता सिंह ने कुलपति के कन्धों को चमकते हुए सितारों और राष्ट्रीय प्रतीक से सुसज्जित कर उन्हें इस उपाधि से अलंकृत किया। यह दृश्य भव्य रूप में अलंकृत होता हुआ विश्वविद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय बन गया। निरन्तर बजती तालियों की गड़गड़ाहट ने सभागार को सम्मान और उल्लास की आभा से भर दिया। यह दृश्य विहंगम तब बना जब इस पल के साक्षी बनी सभी उपस्थितियों ने स्टैंडिंग ओवेशन में कर्नल डॉ. रणपाल सिंह के सम्मान की सराहना की।

कर्नल कमांडेंट के सम्मानित उपाधि अलंकरण के उपरान्त कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने सभी का आभार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि आज इस उपाधि और वर्दी को धारण कर अति प्रसन्न हूँ। किन्तु यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं अपितु चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का सम्मान है। उन्होंने सर्वप्रथम भारत की माननीया राष्ट्रपति, भारतीय रक्षा मंत्रालय तथा आदरणीय महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रति हार्दिक धन्यवाद अर्पित किया और कहा कि भारत सरकार रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय कैडेट कोर ने मुझ में जो विश्वास जताया है और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कर्नल कमांडेंट की मानद उपाधि से मुझे विभूषित किया। मैं उस विश्वास का पूरा मान रखूंगा।